सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

शनिवार 24.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 126

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### संस्कृत प्रश्नमंच प्रतियोगिता में लहराया परचम

**कतरास।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैनामोड़ बोकारो में आयोजित संस्कृति महोत्सव में धनबाद विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के भैया बहनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. उन सभी भैया बहनों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा वंदना सभा में पुरस्कृत किया गया। संस्कृत प्रश्न मंच में शिशु वर्ग की प्रतियोगिता में श्लोक चौरसिया ,सौरभ कुमार, ओंकार नाथ तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### रंजय हत्याकांड में जब्त वस्तुओं को पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित के निवेदन पर पुलिस द्वारा जब्त वस्तुओं, खून लगा कपड़ा, गोली का खोखा आदि पेश करने का आदेश माल खाना प्रभारी को दिया है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के जरिये पेश किया गया। जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 की संध्या लगभग 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

### अवैध ढंग से जमा 10 टन कोयला जब्त



**कतरास।** सोनारडीह ओपी क्षेत्र में ओरिएंटल के बंद ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में अवैध ढंग से चल रहे कोयले के कारोबार का सी आई एस एफ की टीम ने शुक्रवार को पदार्फाश किया। टीम ने छापेमारी की और लगभग 10 टन अवैध रूप से जमा किया गया कोयला जब्त किया। जब्त कोयला बीसीसीएल प्रबंधन के हवाले कर दिया गया। हालांकि किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है। छापामारी की सूचना पर मिलते ही कारोबार करने वाले भाग खड़े हुए।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई



**कतरास।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव अशोक प्रकाश लाल ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री महतो के मनोनयन से झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी।

# आल इज नॉट वेल इन धनबाद भाजपा

## सीटिंग विधायक के रहते कई नेता भाजपा के टिकट की रेस में

### 'समाजसेवियों' की 'बाढ़' का तमाशा देख रही है जनता

मिथिलेश कुमार

**धनबाद।** आल इज नॉट वेल इन धनबाद भाजपा। विधान सभा चुनाव की आहट के बाद यहां 'समाजसेवियों' की बाढ़ सी आ गयी है। हर कोई धनबाद के विकास के लंबे-लंबे वादे कर रहा है। मीडिया में बड़े-बड़े इश्तेहार, सड़कों पर बड़े-बड़े पोस्टर व होर्डिंग ने धनबाद को पूरी तरह चुनावी मोड में ला दिया है। दूसरी ओर चुनाव को लेकर भाजपा में छिड़ी सियासी जंग तेज हो गई है। पार्टी के भीतर और बाहर के लोग एक दूसरे को नीचा दिखाकर खुद को जनता का 'सच्चा सेवक' बताने में लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। विधायक राज सिन्हा और पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्रवण राय के समर्थक आमने-सामने हैं। धनबाद से भाजपा के सीटिंग विधायक रहने के बावजूद अपनी दावेदारी पेश करने और भाजपा में जारी अंतर्कलह का लाभ उठाने में श्री सिंह जुटे हैं। विधायक के खिलाफ जुबानी हमला भी शुरू कर दिया है। पिछले दिनों विधायक के जल सत्याग्रह को लेकर उन्होंने तंज कसा, जिसमें उन्होंने कहा कि वह 10 साल विधायक रहे। धनबाद का विकास किया होता तो उन्हें जल सत्याग्रह करने की जरूरत नहीं पड़ती। आज तक धनबाद की बिजली की व्यवस्था नहीं सुधरी, 24 घंटे में मात्र 8 घंटे लोगों को बिजली मिल रही है। लोगों को पाइप लाइन से पानी भी एक वक्त मिलता है, उसमें भी जलापूर्ति नियमित नहीं होती है। इन सब का जिम्मेवार कौन है ? वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि नया चेहरा है, ऐसा आसमान में बहुत उड़ता रहता है। हम जब से विधायक बने हैं गली, नाली और मुहल्ले में ही घूमते रहे हैं और जनता के बीच ही रहे हैं। जनता फिर जिताएगी तो जीतेंगे। पार्टी निर्णय लेगी किसको टिकट देना है और किसको हटाना है। जनता जिसको चाहेगी वही जितेगा। हालांकि इस साल लोकसभा चुनाव के समय से विवादों में हैं। पार्टी के प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ चित्रांश परिवार की सभा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का उदहारण देते हुए उनपर तंज कसा था। इसके अलावा उनपर आरोप लगा है कि जिला अध्यक्ष उनके इशारे पर काम करते हैं। पार्टी का एक गुट उन्हें विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने की बात भी कह चुका है। भावी उम्मीदवारों में टिकट लेने की धींगा मुश्ती जारी है। यह तो आने वाला समय बताएगा कि किसका पलड़ा भारी रहा।




### सर्वाधिक चर्चित नाम एलबी सिंह का है

चुनाव में उम्मीदवारी की दावेदारी को लेकर उपजी समाजसेवियों की नई पौध में कई युवा तुर्क सड़कों पर उतर आये हैं, जिनमें फिलवक्त सर्वाधिक चर्चित नाम एलबी सिंह का है। धन बल के मालिक माने जाने वाले एल बी सिंह ने अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देकर व शहर में होर्डिंग-पोस्टर टंगवा कर सभी को पीछे छोड़ दिया है । हालांकि विधायक राज सिन्हा भी पोस्टर वार में पीछे नहीं हैं।

### पार्टी के बड़े नेताओं का प्राप्त है आशीर्वाद

बहरहाल भाजपा में एक नहीं, अनेक नेता टिकट की रेस में हैं। एल बी सिंह का दावा है कि उन्हें पार्टी आलाकमान के कुछ बड़े नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। टिकट की रेस में धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, अमरेश सिंह, धनबाद के एक बड़े अस्पताल के संचालक हरेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, रंजीत सिंह, विनय सिंह सहित कुछ अन्य लोग भी लाइन में हैं। एल बी सिंह भोजपुर के मूल निवासी हैं, वहीं धनबाद सीट से दो बार विधायक राज सिन्हा बक्सर जिले के हैं । लेकिन शुरू से ही धनबाद इनकी कर्मभूमि रही है। अक्सर विवादों से बचते हैं। मीडिया के सामने नपा तुला जवाब देते हैं।

## अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बच्चों के लिए सर्वाधिक संभावनाएं : आशुतोष



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** इसरो द्वारा चंद्रयान 3 मिशन की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 23 अगस्त 2023 को विश्व का पहला सफल प्रक्षेपण के बाद इस तिथि को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में शुक्रवार को भारत की अंतरिक्ष गाथा, चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना सहित विषयों पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता और अंतरिक्ष यान की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें कक्षा 8 के रणवीर पटेल प्रथम, कक्षा 7 की संस्कृति रेड्डी द्वितीय और कक्षा 7 की रिद्धिमा कुमारी तृतीय स्थान पर रही। स्कूल के प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बच्चों को बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग कर विश्व पटल पर भारत को गौरवान्वित कर दिया। भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन गया। अंतरिक्ष विज्ञान में भारत उन्नत स्थिति में है और इस क्षेत्र में सर्वाधिक संभावनाएं हैं।

## भाजपा ने सड़क निर्माण कार्य रोका

### 8 करोड़ से बन रही चिरकुंडा-पंचेत सड़क में गड़बड़ी का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** चिरकुंडा पंचेत सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा 8 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। सभी जानते हैं कि पिच का सबसे बड़ा दुश्मन पानी है और इस बारिश में लीपापोती कर सड़क निर्माण का कार्य विभाग के जेई मनीष कुमार के नेतृत्व में कराया जा रहा है। निर्माण कार्य की भनक भाजपा मंडल अध्यक्ष सीमांतो मंडल और पंचेत भाजपा प्रभारी चंदन नंदी को लगी और उन्होंने तत्काल निर्माण स्थल पर पहुंच कर कार्य को रोक दिया। कहा कि जब तक विभाग के पदाधिकारी नहीं पहुंचते हैं, काम नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें खबर मिली कि सरकारी पैसों का बंदरबांट कर इस बरसात में सड़क निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है। अभी से बीच बीच में कई जगह गड्ढा बन गया है। बताया कि वह इस गड़बड़झाला की शिकायत उपायुक्त से करेंगे। पंचेत भाजपा प्रभारी चंदन नंदी ने कहा कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। फिलहाल चांच पुल के पास सड़क निर्माण कार्य को हमलोगों ने रोक दिया है। जूनकुदर के पास भी निर्माण कार्य चल रहा है, जो सरासर गलत है। बरसात में काम करना उचित नहीं है। इधर जेई मनीष कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने माना कि पिच का दुश्मन पानी है, लेकिन अनर्गल दलील व सफाई भी देते दिखे।

## रामकनाली कोलियरी का जीएम ने किया मुआयना

### सभी विभागों में जाकर कर्मियों का पूछे हालचाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** रामकनाली कोलियरी प्रांगण में शुक्रवार को कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया गया। महाप्रबंधक रामकनाली कोलियरी में लम्बे समय तक पदस्थापित थे। वह सभी विभागों में गए और कर्मियों से मिले तथा हाल समाचार पूछा। खदानों की स्थिति से भी अवगत हुए। रामकनाली काली मंदिर में मां काली की पूजा की और कतरास क्षेत्र की तरक्की एवं सुरक्षा की कामना की। ढोल-ढाक बजा कर आरती की गई। पूजा के बाद स्वागत समारोह में शामिल हुए। स्वागत समारोह की अध्यक्षता मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने की। समारोह में महाप्रबंधक को मजदूर,अधिकारी एवं रामकनाली के निवासियों की तरफ से बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि आप के बीच आकर बहुत अपनापन महसूस कर रहा हूं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया कि आप लोगों ने मुझे याद रखा, भूले नहीं हैं। रामकनाली के सहयोग से ही कतरास क्षेत्र अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर सकेगा। आपलोगों के लिए मेरे कार्यालय का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। समारोह को प्रबंधक हरे राम चौधरी,नागदेव यादव, बिमलेश चौबे, राजेश मंडल, राजेश सिंह, गोवर्धन महतो, सतीश विद्यार्थी, पी उपाध्याय, रघुनंदन विश्वकर्मा, मो.रहमान मो.रियाज एवं कई मजदूरों ने संबोधित किया और हरेंद्र राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## योजना का लक्ष्य अगले 4 दिनों के अंदर पूरा करना है : बीडीओ

### निरसा प्रखंड सभागार में फसल बीमा एवं खरीफ फसल पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** खरीफ फसल एवं फसल बीमा को लेकर शुक्रवार को निरसा प्रखंड सभागार में कृषकों, प्रज्ञा केंद्र संचालकों एवं कृषक मित्र के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीडीओ इन्द्रलाल ओहदार ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लक्ष्य अगले 4 दिनों के अंदर पूरा करना है। योजना अंतर्गत अगहनी धान एवं अदई मकई के फसल का बीमा कराया जाना है। गैर ऋणी कृषक प्रज्ञा केन्द्र या पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते हैं। बीमा के लिए किसानों से मात्र एक रुपये का शुल्क लिया लिया जाएगा। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मो जावेद इस्लाम ने किसान समृद्धि योजना अंतर्गत 10% अनुदान पर सोलर पम्पसेट आरकेवीवी पीडीएमसी योजना अंतर्गत 10% अनुदान पर टपक एवं फव्वारा सिंचार सेट के विषय में जानकारी दी। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रमेश चक्रवर्ती ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में बताया। कार्यशाला को एबीटीएम पिंकी कुमारी, जनसेवक अशोक गुप्ता, अनितेश लाहा, चन्द्रमोहन मोदी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में, कृषक मित्रों के अलावा लगभग 40 किसान मौजूद थे।

# घर-घर जाकर सहिया करेंगी मरीजों की पहचान

### 28 अगस्त से 13 सितंबर तक एलसीडीसी अभियान




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त से 13 सितंबर तक लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन (एलसीडीसी) अभियान शुरू किया जाएगा। इस दौरान सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर मरीजों की पहचान करेंगे। आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन व सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने सभी एमओआईसी के साथ बैठक कर अभियान की सफलता के लिए दिशा निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन के दौरान सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ मरीजों की पहचान की जाएगी। मरीज की पहचान होने पर उन्हें जागरूक करेंगे कि यह एक साधारण बीमारी है। समय पर इलाज कराने और नियमित रूप से दवा का सेवन करने से यह बीमारी जड़ से खत्म हो सकती है और मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत से नहीं ब्लकि मरीजों के शरीर से किसी भी प्रकार के रसाव (ड्रोपलेट इन्फेक्शन) से फैलता है। शुरुआती दौर में अगर बीमारी का पता चल जाए तो मरीज का इलाज संभव है। बीमारी की पहचान हो जाने के बाद इलाज से मरीज 6 महीने और 12 महीने में पूरी तरह ठीक हो सकता है। डीआरडीए के निदेशक राजीव रंजन ने कहा कि अभियान के पहले एमओआईसी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ, समाज कल्याण सभी सीडीपीओ के साथ तथा शिक्षा विभाग सभी बीईओ. के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग करेंगे।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, मलेरिया पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डिस्ट्रिक्ट लेप्रोसी कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ मंजु दास, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ दीपाली राय, डीआरचीएचओ के अलावा सभी एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

## गोल्फ ग्राउंड धनबाद में मासस और माले का होगा एकीकरण

### सभा में 50 हजार लोगों का होगा जुटान



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** मासस व भाकपा माले कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक शुक्रवार को निरसा स्थित मासस कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक तथा मासस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुप चटर्जी ने कहा कि 9 सितंबर 2024 को गोल्फ ग्राउंड धनबाद में मासस और माले का एकीकरण होगा, जिसमें करीब 50 हजार लोगों का जन समागम होगा। निरसा विधानसभा क्षेत्र के करीब 15 लोगों की भागीदारी होगी। इसके लिए जोर-शोर से तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि देश में 1925 में कम्युनिस्ट पार्टी का गठन हुआ था, लेकिन 1963 के बाद से लगातार पार्टी का विघटन हो रहा था। इधर सांप्रदायिक और पूंजीवादी शक्तियों से लड़ने के लिए एकता की जरूरत है, जिसकी शुरुआत मासस और माले के एकीकरण की प्रक्रिया से हो रहा है। इसकी चर्चा झारखंड सहित पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी उद्योगों का निजीकरण कर रही है तथा देश की आम जनता महंगाई से त्राहि त्राहि कर रही है। युवाओं का भविष्य अंधकार में है क्योंकि बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही है। इसके खिलाफ हमें एकजुट होकर तीव्र आंदोलन करने की आवश्यकता है। सभा की अध्यक्षता योगेंद्र कुमार, संतु चटर्जी, मुमताज अंसारी व मनोरंजन मलिक ने की तथा संचालन जिप सदस्य मासस एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष बादल चंद्र बाउरी ने किया।

### सभा में ये लोग थे मौजूद

सभा में आगम राम, टूटून मुखर्जी, जगदीश शर्मा, कृष्ण सिंह, मनोज राउत, हरेंद्र सिंह, रामजी यादव, मानिक गोराई, विश्वनाथ बाउरी, विपिन मंडल, मगन बाउरी इत्यादि ने संबोधित किया। मौके पर रोशन मिश्रा, निरंजन गोराई, भीम गोराई, संजय सिंह, काशीनाथ बाउरी, साधन चटर्जी, विनय सिंह आदि मौजूद थे।

एक नजर में

### रैयतों का बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष धरना



**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले अंचल कार्यालय बाघमारा में रैयतों ने शुक्रवार को पुनः धरना दिया। अंचलाधिकारी ने ग्राम स्वराज अभियान के प्रमुख जगत महतो से वार्ता की और रैयतों के आवेदन पर की गई विभागीय पहल से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झार सेवा का साइट 14 अगस्त से बंद है। खुलते ही सभी आवेदकों का जमीन संबंधी सुधार, प्रविष्टि, लगान निर्गत कर दिया जाएगा। धरना में बसंती देवी, सुलोचना देवी, मानो रजवार, सुंदरी देवी, उमेश रजवार आदि शामिल थे।

### विजलेंस अवेयरनेस को ले कर निकली प्रभात फेरी



**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के सौजन्य से शुक्रवार को विजलेंस अवेयरनेस को लेकर प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी कतरास क्षेत्र से निकल कर सुभाष चौक के तेतुलमारी आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कतरास एरिया महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची। प्रभात फेरी में क्षेत्रीय प्रशासनिक पदाधिकारी उमंग ठक्कर, क्षेत्रीय प्रबंधक भू संपदा पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक असैनिक एवं विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के अधिकारी के अलावा कतरास क्षेत्र के कर्मियों ने भाग लिया।

### संत मैथ्यूज हाई स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी, बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन



**राजगंज।** संत मैथ्यूज हाई स्कूल में शुक्रवार को जन्माष्टमी मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक रबिन्द्र चंद्र दे, प्राचार्य राहुल कुमार दे एवं उप-प्राचार्य शैली रानी ने मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के छात्रों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई, जिसमें कृष्ण, राधा, गोपियां, यशोदा, कंस, बलराम, सुदामा वेशधारी छोटे-छोटे बच्चों ने सराहनीय भूमिका निभाई। स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में एकता और सहयोग के भाव विकसित करने में सहायक होते हैं। निर्णायक मंडली में प्राचार्य, उप-प्राचार्य, बिभा मुखर्जी, रीना चौरसिया, मंजू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अंजलिरानी मौजूद थे। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

स्पीड न्यूज

## पेड़ से झूलता महिला का शव बरामद

**जामताड़ा ।** नाला पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत जामबेदिया जंगल से एक महिला का पेड़ से झूलता शव बरामद किया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव बरामद किया। बताया जाता है कि घटनास्थल पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज महतो, नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा, पुलिस अवर निरीक्षक सोभनाथ यादव ने मामले की तहकीकात की। मृतका रूपाली घोष (35) निताई घोष की पत्नी थी। शव को पुलिस ने अंत्य परीक्षण के लिए जामताड़ा भेज दिया है। इधर मृतका के भाई रॉबिन पाल के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। भाई ा ने ससुराल वालों पर जान से मार कर पेड़ पर लटका देने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। नाला थाना में कांड संख्या 83/24 दर्ज की गई है।

## पति सास ससुर ननद के खिलाफ मारपीट का आरोप

**महूदा।** थाना क्षेत्र के तेतुलिया में रहने वाली सलमा खातून ने अपने पति, सास, ससुर एवं ननद के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज तथा प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगाई है।

## भामसं 1 सितबंर से शुरू करेगा चरणबद्ध आंदोलन

**धनबाद।** श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसं) चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगा। 1 सितम्बर से 10 सितम्बर 2024 तक बीसीसीएल की समस्त कोलियरियों, परियोजनाओं, वाशरियों, चिकित्सालयों में सभा, गेट,पिट मीटिंग की जाएगी। 26 सितम्बर को बीसीसीएल के समस्त क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। 30 सितम्बर को बीसीसीएल मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। भारतीय खदान मजदूर संघ की बैठक में पूर्व में लिये गए निर्णय के अनुसार आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। यह आंदोलन बीसीसीएल सहित कोल इंडिया की सभी ईकाइयों में किया जाएगा।

## 25 अगस्त को 1886 बूथ पर खिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

धनबाद। पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 25 अगस्त को जिले के 1886 बूथ पर 4 लाख 24 हजार 479 बच्चों को पोलियो की खुराक खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला समन्वय समिति की बैठक में इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार ने बताया कि पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वैक्सीन का वितरण भी शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को जिले के 1886 बूथ पर 4 लाख 24 हजार 479 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी बूथ स्थापित किए जाएंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) 834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जयराम झामुमो व आजसू के लिये खतरे की घंटी



## विधानसभा चुनाव में बड़ा फैक्टर होगा जयराम

जयराम महतो ने गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग, रांची और कोडरमा सीट पर दमदार उपस्थिति दर्ज कर यह साबित कर दिया कि आसन्न विधानसभा चुनाव में वह बड़ा फैक्टर बनने वाले हैं। खासकर कुर्मी बहुल सीटों पर जयराम फैक्टर काम करेगा। इसकी बानगी लोकसभा चुनाव में दिख गई है।

## एलान 55 सीटों का उम्मीदवारों की दावेदारी 65 पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/तोपचांची।** लोकसभा चुनाव में झारखंड की राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कर जयराम महतो ने बड़े-बड़े नेताओं के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी है। आसन्न विधान सभा चुनाव में उनकी भूमिका को लेकर न केवल सत्ताधारी दल, बल्कि विपक्ष में भी राजनीतिक हलचल तेज है। गिरिडीह लोकसभा सीट से हारने के बावजूद जयराम महतो झारखंड की राजनीति में नए हीरो बनकर उभरे हैं। लोकसभा चुनाव में जयराम ने 3 लाख 47 हजार 322 वोट लाकर यह साबित कर दिया कि झारखंड की राजनीति में आने वाले समय में वह बड़ा उलटफेर करने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान वह गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे। वर्तमान समय में उनकी पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा यानी जेएलकेएम का चुनाव आयोग पंजीकृत कर लिया गया है। चुनाव चिन्ह के रूप में कैंची छाप मिला है। बीते कुछ माह पूर्व एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लडने की बात कही थी। उनकी घोषणा का असर यह हुआ कि उनके केन्द्रीय कार्यालय तोपचांची के मानटांड़ में उम्मीदवारों की लंबी लाइन लग गयी। विशेष सूत्रों से पता चला है कि करीब 65 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों ने आवेदन दिया है। झारखंड की राजनीति में जयराम महतो के उदय को आजसू और झामुमो के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। अब तक लोकल वोटों पर इन्हीं दो पार्टियों का कब्जा रहता था, लेकिन अब जयराम महतो के रूप में एक तीसरा मजबूत विकल्प झारखंड में इनके वोट बैंक में सेंधमारी को आ गया है। दरअसल, एनडीए गठबंधन के तहत गिरिडीह सीट आजसू पार्टी के हिस्से आई थी। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के तहत झामुमो को यह सीट मिली। ऐसे में जयराम को मिले बंपर वोटों से एनडीए और 'इंडिया' के लिए भी खतरे की घंटी बज गई।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने चलाया सदस्यता अभियान



**धनबाद।** कांग्रेस नगर अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने सदस्यता अभियान चला कर महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को एकजुट करने के लिए लगातार प्रयासरत है। महंगाई से भी कांग्रेस ही निजात दिला सकती है। अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का लक्ष्य है। इस मौके पर दीपांजलि सिंह को महिला उपाध्यक्ष बनाया गया। उनके साथ सैकड़ो महिला पार्टी में शामिल हुई हैं। मौके पर धनबाद थाना क्षेत्र के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह मौजूद थे।

# झामुमो ने निकाला झारखंडी अधिकार मार्च

## भाजपा के जनाक्रोश रैली के विरोध में निकाला मार्च




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा की जनाक्रोश रैली के विरोध में शुक्रवार को झामुमो ने जिला परिषद मैदान से रणधीर वर्मा चौक तक झारखंडी अधिकार मार्च निकाला। नरेंद्र मोदी हाय, हाय, मोदी तेरी मनमानी नहीं चलेगी के नारे लगाये गए। पार्टी के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, तब से केंद्र की भाजपा सरकार राज्य में काम नहीं करने दे रही है। मुख्यमंत्री को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने का काम किया। उसके बाद भी मन नहीं भरा तो पार्टी तोड़ने में लग गये। लेकिन हमलोग उनके कारनामे से डरने वाले नहीं हैं। इतना कुछ होने के बाद भी जितना काम हेमंत सरकार में हुआ, उतना कभी नहीं हुआ। हमलोगों को 3 करोड़ झारखंडियों की चिंता है, इसलिए आज यह मार्च निकाला है। वरीय झामुमो नेता देबू महतो ने कहा कि भाजपा के पास झारखंडी जन मानस का कोई विजन नही है। उनका सिर्फ राज्य मे येन केन प्रकारेण सत्ता पर कब्जा करना ही लक्ष्य है। राज्य की जनता ने उन्हें झारखंड संवारने के कई मौके दिए, परन्तु राज्य के गरीबों की गाढी कमाई से देश के अन्य प्रांत के साहुकारों के साथ हाथी उडाने में मशगूल रहे। प्रदेश में भाजपा शासन काल में विस्थापितों का दर्द नहीं समझा गया। हेमंत सोरेन सरकार ने इन सभी के लिए कार्य किया तो भाजपा नेताओं के पेट में दर्द होने लगा है। इस बार चुनाव में जनता उन्हें करारा जबाब देगी। मार्च में केंद्रीय सदस्य नीलम मिश्रा, पार्टी के जिला सचिव मन्नु आलम सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# आजसू का जन जागरण यात्रा 26 से



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में आजसू पार्टी जन जागरण यात्रा के माध्यम से गांव स्तर तक सरकार की वादा खिलाफी और जन विरोधी नीतियों को बताने का कार्य करेगी। नारायणपुर प्रखंड में यह कार्यक्रम चंपापुर पंचायत से प्रारंभ होगा, जो पूरे जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड और गांव तक होगा। जन जागरण के जरिये लोगों को इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। तैयारी को लेकर कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमाड़ चंद्रसेन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए निमाई चंद्रसेन ने कहा कि आजसू पार्टी का यह कार्यक्रम जनता के हित में और उन्हें जागरूक करने के मकसद से किया जा रहा है। यह सरकार अपना वादा निभाने में सफल नहीं रही है। सरकार ने बेरोजगारों को नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता और गांव में आम गरीब लोगों के चेहरे पर खुशी लाने का वादा किया था। 5 साल बाद भी उसने वादा खिलाफी की है। बैठक में केंद्रीय कमेटी के सदस्य सुखदेव भंडारी, बम शंकर दुबे, शहादत अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, सविता देवी, परमानंद रजवार, कार्तिक दत्ता,सोपान दत्ता,सोरेन सेन,महेंद्र पंडित सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्थानीय नियोजन नीति को लेकर चासनाला कोलियरी में कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** स्थानीय नियोजन नीति को लेकर शुक्रवार को सेल की चासनाला कोलियरी के डायमंड हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने झारखंड नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 तथा अप्रेंटिसेस एक्ट 1961 से अवगत कराया। एक्ट के तहत सेल में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नियोजन देने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस एक्ट के अंतर्गत आने वाले 10 या 10 से अधिक मानव बल वाले प्रतिष्ठान में झार नियोजन पोर्टल पर निबंधन करना अनिवार्य है। इस एक्ट का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर दण्ड का प्रावधान है। नियोजन पदाधिकारी ने झारनियोजन पोर्टल पर निबंधन, मानव बल की प्रविष्टि/स्थानीय कर्मी की प्रविष्ठि आदि की जांच की। सभी नियोजकों को रिपोर्ट से संबन्धित कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। झारखंड में कौन स्थानीयता की अर्हता रखते है, उसकी परिभाषा क्या है और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया और उसमे जो कठिनाई आ रही है कार्याशला में सेल के जीएम (एचआर)उदय कुलकर्णी, जीएम (माइनिंग) बारीक प्रजना रंजन, एजीएम (एचआर) बरून कुमार के अलावा नियोजनालय के उच्च वर्गीय लिपिक प्रशान्त गोयल, विवेक कुमार साव, संजय कुमार साव व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# पिन्टु सिंह के उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनने पर बधाई

## खीरू महतो ने की थी नाम की अनुशंसा

**धनबाद।** धनबाद जिला जनता दल यू के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह को रेल मंत्री द्वारा धनबाद रेल मंडल का उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। पिंटु कुमार सिंह के नाम की अनुशंसा जनता दल यू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की। उनके मनोनयन पर जनता दल यू के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, मुन्ना सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, के बी सहाय, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता गुलाब महतो, राजेन्द्र राही, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, रीता रानी मंडल, झप्पु सिन्हा, बबलु मोदक, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्यानन्द पासवान, डॉ. राजेश राम, सुबोध सिंह, जिला सचिव बैजु सिन्हा, राज कुमार पाण्डेय, टोनी सिंह, अशोक कुमार दास, दिलीप सिन्हा आदि ने बधाई दी।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने कहा है कि नये प्रदेश अध्यक्ष की कमान केशव महतो कमलेश को सौंपने से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार होगा। पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलेश का रांची में भव्य स्वागत करने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य की जनता एनडीए गठबंधन को समूल उखाड़ फेंकने को संकल्पित है। भाजपा की अल्पसंख्यक विरोधी नीति से लोग परेशान हैं। केंद्र सरकार की दोहरी नीति को भी लोग समझ गये हैं और आसन्न विधान सभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की ओर पूरे देश की नजर है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को आशातीत सफलता मिली। विधान सभा के चुनाव में भी कांग्रेस की विजय पताका लहराना तय है।

# 10 प्रखंडों में मिशन मोड पर रजिस्टर अद्यतन कार्य शुरू

## स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की पहल



## प्रबंधकों ने किया निरीक्षण

प्रबंधकों ने विभिन्न आजीविका समूहों, सखी मंडल, ग्राम संगठन, और संकुल संगठन की गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया और रजिस्टर अद्यतन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। ऋण पुस्तक, बचत पुस्तक, और बैठक प्रस्ताव पुस्तक के अद्यतन में इन प्रबंधकों का मार्गदर्शन और समर्थन महत्वपूर्ण था। प्रबंधकों की इस मुहिम ने रजिस्टरों की सटीकता और अद्यतन की प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया। इस सामूहिक प्रयास से न केवल रिकॉर्ड की गुणवत्ता में सुधार हुआ, बल्कि समूहों की वित्तीय लेन-देन और बैठक प्रस्तावों की निगरानी भी बेहतर ढंग से की जा सकी। इससे आजीविका समूहों के प्रबंधन में एक नया स्तर की पारदर्शिता और प्रभावशीलता आई है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ने जिले के सभी 10 प्रखंडों में मिशन मोड पर रजिस्टर अद्यतन कार्य शुरू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य आजीविका समूहों की गतिविधियों को सुचारू और पारदर्शी बनाना है। सोसायटी द्वारा संचालित सखी मंडल, ग्राम संगठन, और संकुल संगठन के सदस्य इन रजिस्टरों के अद्यतन करने में लगे हैं। इन रजिस्टरों में ऋण पुस्तक, बचत पुस्तक और बैठक प्रस्ताव पुस्तक शामिल हैं। ऋण पुस्तक में समूहों द्वारा दिए गए ऋणों का विवरण और उसकी वापसी की स्थिति दर्ज की जाती है, जबकि बचत पुस्तक में सदस्यों की जमा की गई राशि का हिसाब होता है। बैठक प्रस्ताव पुस्तक में हर बैठक में उठाए गए प्रस्तावों और निर्णयों का विवरण लिखा जाता है। सभी रजिस्टरों के अद्यतन और सुधार से न केवल रिकॉर्ड की सटीकता सुनिश्चित होगी, बल्कि इसका लाभ प्रबंधन और निगरानी में भी होगा। इससे समूहों की गतिविधियों की पारदर्शिता बढ़ेगी और वित्तीय लेन-देन को ट्रैक करना सरल होगा। यह कदम आजीविका समूहों के समग्र प्रबंधन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मिशन की निगरानी जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन के नेतृत्व में की गई। उनके साथ सभी जिला प्रबंधक और प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी कमाटांड़ में बंद घर का ताला तोड़ कर चोरी

## गृहस्वामी गए हैं पुत्र के पास बेंगलुरु आने पर दर्ज होगी प्राथमिकी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत स्मार्ट सिटी कमाटांड़ निवासी राकेश उपाध्याय के घर का ताला तोड़कर अपराधियों ने गुरुवार की रात घर का सारा सामान चुरा लिया। बोकारो से अवकाश प्राप्त शिक्षक श्री उपाध्याय इन दिनों अपने पुत्र के यहां बेंगलुरु गए हैं। सुबह पड़ोसियों ने देखा तो आसपास के लोगों को सूचना दी। फिर स्मार्ट सिटी सोसाइटी के लोग पहुंचे और तहकीकात की। सूचना मिलने पर गोविंदपुर पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन की। खबर सुनकर उनके पुत्र और दामाद बेंगलुरु से रवाना हो गए हैं। उनके आने के बाद ही थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बताया जाता है कि अपराधियों ने पहले चहारदीवारी केगेट का ताला तोड़ा। फिर मुख्य दरवाजा तोड़ने के बाद अंदर प्रवेश किया और सभी कमरों के दरवाजों को तोड़ दिया। सारे कीमती सामान ले गये। इस घटना से स्मार्ट सिटी प्रबंधन की लापरवाही भी उजागर हो रही है। स्मार्ट सिटी के निवासियों ने बताया कि प्रबंधन ने चारों ओर चहारदीवारी कर सुरक्षा का वादा किया था। परंतु प्रबंधन इस दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा । यदि प्रबंधन रुचि लेता तो इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकती हैं। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है और पुलिस ने छानबीन की है। मकान मालिक के आने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर अगली कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस बार-बार अपील करती है कि घर बंद कर किसी भी हालत में नहीं जाएं । यदि कोई जाता है तो व्यवस्था कर ले और कोई परेशानी है तो पुलिस को सूचना दे दें ।

एक नजर में

## इस्कॉन कुसुम विहार में मनाया जा रहा है श्री वृंदावन महा महोत्सव



**धनबाद।** इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा 24 से 28 अगस्त तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं वृंदावन महा महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रथम दिन सुंदर गोविंद प्रभु द्वारा ललिता माधव कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद पश्चिम बंगाल से आए भक्तों द्वारा कीर्तन,आश्रम के भक्तों द्वारा भगवान की आरती एवं महाभोग का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन ललिता माधव कथा, गुजरात एवं धनबाद के भक्तों द्वारा कीर्तन, उत्सव का अधिवास, आरती एवं महाभोग का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन अर्थात श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन धनबाद के बच्चों द्वारा नृत्य, कीर्तन, वृंदावन से आए ससोधार प्रभु द्वारा कथा और जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा। प्रत्येक दिन कार्यक्रम में आए भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवान के डेकोरेशन के लिए मंगाया गया विशेष पुष्प,ललिता माधव कथा, ट्राइबल केयर से जुड़े सभी विद्यार्थी द्वारा विशेष ड्रामा एवं नृत्य होगा।

## कतरास : महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ कैंडल मार्च निकला




**कतरास।** महिलाओं पर अत्याचार बंद करो के नारे के साथ कतरास में शुक्रवार की संध्या कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में शामिल लोग पैदल कतरास स्वस्तिक सिनेमा से चल कर कतरी नदी सूर्य मंदिर तक गए। सभी हाथ में नारा लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।

## गोशाला ओपी प्रभारी ने छापेमारी कर जब्त किया 30 बोरा कोयला

सिंदरी । गोशाला ओपी पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर नीचे कण्डरा दामोदर नदी घाट पर छापेमारी कर लगभग 30 बोरा कोयला जब्त किया। ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध कोयला बोरा में भर कर नाव के सहारे नदी पार किया जा रहा है। तुरंत छापेमारी कर कोयला जब्त कर लिया गया, जबकि धंधेबाज पुलिस का वाहन देख कर भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि अवैध करोबारी कांड्रा निवासी वरुण सिंह पर मामला दर्ज कर कानूनी करवाई की जा रही है।

## गोमो स्टेशन पर शराब तस्करी का भंडाफोड़ एक लड़की गिरफ्तार

**गोमो।** गोमो स्टेशन के साउथ साइड पार्किंग एरिया में रेसुब पोस्ट गोमो की टीम ने शुक्रवार को ऑपरेशन सतर्क के तहत एक लड़की को संदेहात्मक अवस्था में पकड़ा। लड़की के पास से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। रेसुब पोस्ट गोमो की टीम ने लड़की को संदेहात्मक अवस्था में देखा और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान, लड़की के पास से 72 अदद किंगफिशर स्ट्रांग प्रिमियर बियर, 01 अदद ब्लेंडर प्राइड, और 01 अदद सिग्नेचर प्रिमियर ग्रेन व्हिस्की बरामद की गई। लड़की की पहचान प्रीति पांडेय के रूप में हुई, जो बेगुसराय, बिहार की निवासी है। गिरफ्तार लड़की व जब्त अंग्रेजी शराब को अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग धनबाद को सुपुर्द किया गया है।

